सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। नगर निगम और प्रशासन की टीम ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने स्थित सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया इस जमीन पर लोग अतिक्रमण कर व्यापार कर रहे थे। निगम ने अतिक्रमणकारियों को स्वेच्छा से निर्माण हटाने के लिए समय दिया था, जिन्होंने ऐसा नहीं किया, उनके खिलाफ बुधवार को कार्रवाई की गई।

नगर निगम की टीम कार्रवाई के लिए कलेक्ट्रेट के सामने पहुंची। इस दौरान साथ एस.डी.एम. सुधीर जैन और नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय भी मौजूद थे। टीम में दो जे.सी.बी., तीन ट्रैक्टर निगमकर्मी, राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल मौजूद रहा।

अतिक्रमण हटाने पहुंचे अमले ने बताया कि लंबे समय से कलेक्ट्रेट के सामने स्थित सरकारी जमीन पर लोगों ने कब्जा कर रखा था। लोग यहां से अपना व्यापार संचालित कर रहे थे। सुबह टीम ने अस्थाई दुकानें और ढांचे को गिराया। कार्रवाई के दौरान एक यात्री बस नगर निगम के ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन एक-दूसरे से फंस गए। दोनों वाहन को यहां से हटाकर ट्रैफिक व्यवस्था ठीक की गई।

पूर्व विधायक का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी, मिल रहा समर्थन

गाडरवारा, देशबन्धु। स्थानीय मंडी गेट के सामने पूर्व विधायक सुनीता पटैल का दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। सुनीता पटेल द्वारा मूंग की उपज को सरकार से समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है।

दूसरे दिन भी धरने में पहुंचकर किसानों और कांग्रेस नेताओं ने समर्थन दिया। सुनीता पटैल ने कहा कि मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ किसान आक्रोशित है। किसान अपने खून-पसीने से फसल उगाते हैं और जब तक समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी शुरू नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

सरकार लगातार किसानों की अनदेखी कर रही है और उन्हें अपनी उपज औने-पौने दामों में बेचने पर मजबूर किया जा रहा है। जब तक समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी शुरू नहीं होती, तब तक चुप नहीं बैठेंगे और अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

बायोडाटा देकर की जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की मांग

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक से मिलकर जिला सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले ने पर्यवेक्षको को आवेदन पत्र देकर कहा है कि मैं पिछले 30 वर्षो से कांग्रेस पार्टी का सक्रिय सदस्य रहा हूँ एवं कांग्रेस संगठन में नगर एन.एस.यू.आई., जिला एन.एस.यू.आई. एवं प्रदेश एन.एस.यू. आई., जिला युवक कांग्रेस, जिला छात्र महासंघ, छात्र कांग्रेस कमेटी महामंत्री प्रदेश एन.एस.यू.आई. एवं वर्तमान में जिला कांग्रेस सेवादल के पद पर वर्तमान में कार्यरत हूँ।

सम्पूर्ण छिन्दवाड़ा जिले के ब्लॉक स्तर एवं बूथ स्तर तक की सम्पूर्ण जानकारी हैं और कई वर्षो से इन क्षेत्रों में भ्रमण कर बैठकें एवं आंदोलन कर चका हूँ एवं संगठन के लिये पार्टी के लिये समर्पित युवाओं टीम बनाकर कांग्रेस कमेटी को दी गयी हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के कई चुनाव में जैसे विधानसभा, लोकसभा, नगर पंचायत, नगर निगम, ग्राम पंचायत के चुनाव में सक्रिय भूमिका रही हैं।

छिन्दवाड़ा जिले में महिला एवं पुरूषों का एक बहुत बड़ा समूह हमारे साथ सेवादल में कार्य कर रहा है, और कांग्रेस कमेटी के प्रत्येक आंदोलनों में एवं बैठकों में एवं अन्य कार्यक्रमों में सेवादल के माध्यम से शानदार व्यवस्था है एवं सेवादल के माध्यम से व्यवस्थाऐं बनायी गयी हैं।

अत: म.प्र. कांग्रेस कमेटी के द्वारा आर्ब्जवर एवं पर्यवेक्षक नियुक्त कर म.प्र. के प्रत्येक जिलों में जिला कांग्रेस कमेटी के नये



अध्यक्ष बनाये जाने हेतु छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया जाना प्रस्तावित है, इस हेतु मैंने आपके समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाये जाने हेतु अपना बायोडाटा आपको प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

अत: मेर द्वारा विगत वर्षो के पार्टी के लिये समर्पित भावना से किये गये कार्य अनुभव के आधार पर मुझे (सुरेश कपाले) सेवादल अध्यक्ष को जिला कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा का अध्यक्ष नियुक्त किया जाए।

सार-समाचार

सांसद कुलस्ते कल छिन्दवाड़ा में

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सभापति एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति लोकसभा एवं सांसद फागन सिंह कुलस्ते कल 13 जून 2025 को शाम 05 बजे मण्डला सर्किट हाऊस से प्रस्थान कर रात्रि 09 बजे छिंदवाड़ा पहुंचेंगे, जहां आप सर्किट हाऊस छिंदवाड़ा में रात्रि विश्राम करेंगे। सांसद श्री कुलस्ते 14 जून को प्रात: 07 बजे छिंदवाड़ा सर्किट हाऊस से प्रस्थान कर प्रात: 10 बजे पचमढ़ी हिल स्टेशन पहुंचेंगे की जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना की अनुग्रह राशि का वितरण कल

नरसिंहपुर, देशबन्धु । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण- संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यक्रम 13 जून को बरगी जबलपुर में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि वितरित करेंगे। उक्त कार्यक्रम का प्रदेश के सभी जिलों में लाइव प्रसारण किया जायेगा। जिले की सभी जनपद पंचायतों व नगरीय निकायों के एनआईसी केन्द्रों में योजना में पंजीकृत श्रमिकों तथा हितग्राही की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण को देखने व सुनने की व्यवस्था की जायेगी। जिला मुख्यालय के एनआईसी कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

15 से 30 जून तक लगाये जायेंगे शिविर

नरसिंहपुर, देशबन्धु । जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शासन के जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में धरती आबा जनजातीय उत्कृष्ट अभियान- डीएजीयूए और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान- पीएम जनमन जागरूकत और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान 15 जून से 30 जून 2025 तक शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी- कर्मचारी को निर्देशित किया है कि वे अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को निर्धारित शिविर स्थलों में उपस्थित कराकर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अधिकारी- कर्मचारी संबंधित शिविर स्थलों में उपस्थित रहकर शासकीय विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करते हुए सेक्टर अधिकारी, नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों को कार्य की प्रगति से अवगत करायेंगे।

खाद्यान्न हितग्राहियों को मिलेगी तीन माह की एकमुश्त राशन सामग्री

पन्ना , देशबन्धु । शासन के निर्देशानुसार आगामी मानसून सीजन में संभावित बाढ़ के कारण राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण और वितरण में आने वाली समस्याओं के निराकरण तथा पात्र परिवारों को समय सीमा में राशन सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी पात्र परिवारों को माह जून, जुलाई एवं अगस्त की एकमुश्त राशन सामग्री प्रदान की जाएगी। इसके लिए सामग्री के आवंटन, उठाव व वितरण संबंधी निर्देश भी जारी किए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया द्वारा समस्त एसडीएम से पात्र परिवारों को खाद्यान्न सामग्री वितरण के लिए उचित मूल्य दुकानवार नोडल अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर वितरण सुनिश्चित कराने तथा इसके व्यापक प्रचार प्रसार का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत मासिक आधार पर पात्रता श्रेणी एएवाय एवं पीएचएच को गेहूं एवं चावल की पात्रता 35 किलोग्राम प्रति परिवार एवं 5 किलोग्राम प्रति सदस्य निर्धारित है। इसी तरह एएवाय श्रेणी के पात्र परिवारों को एक किलोग्राम प्रति परिवार शक्कर और एएवाय एवं पीएचएच श्रेणी के पात्र परिवारों को एक किलोग्राम प्रति परिवार नमक का वितरण किया जाता है। अब पीओएस मशीन में तीन माह की राशन सामग्री के माहवार वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पात्र हितग्राही उचित मूल्य दुकान पहुंचकर अपना राशन प्राप्त कर सकेंगे। प्रदाय केन्द्रों पर आवंटन अनुसार खाद्यान्न, शक्कर व नमक की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अनुबंधित परिवहनकर्ताओं के माध्यम से अतिरिक्त वाहनों से भी दुकानों पर राशन सामग्री का प्रदाय समय सीमा में कराने के निर्देश दिए गए हैं।

केदारनाथ दर्शन के लिए सद्गुरू परिवार साधकों का जत्था रवाना

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। स्थानीय अनगढ़ हनुमान मंदिर से सदगुरु परिवार का जत्था परम पूज्य महामंडलेश्वर नागेन्द्र ब्रह्मचारी के सानिध्य में केदारनाथ की यात्रा के लिए रवाना हुआ जिसमें 45 साधकों का दल सम्मिलित है जो जबलपुर से रेलमार्ग से हरिद्वार के लिए निकलेंगे आगे बस द्वारा श्री केदारनाथ जी एवं बद्रीनाथ जी सहित अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे आज सुबह सभी यात्रियों को यात्रा की मंगल कामना सहित शुभकामना दी गई भावभीनी बिदाई की गई। बता दें कि केदारनाथ एवं बद्रीनाथ सहित अनेक धार्मिक स्थानों में जाने के पहले जत्थे के सदस्य अपने माता पिताओं का भी आशीर्वाद प्राप्त किया और फिर रवाना हुए।

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री आज आयेंगे छिंदवाड़ा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह आज 12 जून 2025 को छिंदवाड़ा प्रवास पर रहेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिंह प्रात: 11 बजे एक कार्यक्रम में पत्रकारवार्ता एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला योजना समिति की बैठक लेंगे एवं दोपहर 02 बजे सिल्वर शाईन होटल छिंदवाड़ा में प्रबुध्दजन सम्मेलन में सम्मिलित होंगे।

इसके बाद प्रभारी मंत्री श्री सिंह शाम 04 बजे छिंदवाड़ा से पचमढ़ी जिला नर्मदापुरम के लिये प्रस्थान करेंगे की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

तुअर फसल के पंजीयन की अंतिम तिथि 17 जून

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफवर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में ई-उपार्जन पोर्टल पर तुअर पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मई 2025 से बढ़ाकर अंतिम तिथि 17 जून 2025 कर दी गई है। समर्थन मूल्य पर तुअर की उपार्जन नीति अनुसार समर्थन मूल्य रूपये 7550 प्रति क्विंटल पर तुअर उपार्जन की अवधि 10 जून 2025 से बढाकर अंतिम तिथि 20 जून 2025 तक कर दी गई हैं। विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं:-

तुअर पंजीयन की अंतिम तिथि 17 जून 2025, पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन की अंतिम तिथि 19 जून 2025, कृषकों द्वारा तुअर उपार्जन हेतु स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 19 जून 2025, तुअर उपार्जन की अंतिम तिथि 20 जून 2025, कलेक्टर छिंदवाडा एवं कलेक्टर पांढुर्णा तथा उप संचालक कृषि छिंदवाडा द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि निर्धारित तिथि में तुअर फसल का पंजीयन कराकर 20 जून 2025 तक तुअर फसल का उपार्जन अवश्य कराये।

भाजपा के संस्कार हैं आदिवासियों का अपमान करना : एकलव्य यहाके

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भाजपा पार्टी के संस्कार में आदिवासियों का अपमान करना शामिल है। सीधी में भाजपा नेता के द्वारा आदिवासी के साथ किया गया कुकृत्य आदिवासी समाज आज भी भूल नहीं पाया है। उस जख्म पर छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद ने पैर धुलाई कराकर मिर्च डालने और आदिवासी समाज को अपमानित करने का कार्य किया है। भाजपा के नेता हर दम व हर कदम पर आदिवासियों का अपमान करती है इसके अनेकों अनेक उदाहरण मौजूद है, किन्तु वर्तमान में भाजपा सांसद ने आदिवासियों से पैर धुलाकर बेहद निंदनीय और शर्मनाक कार्य भी किया है। उक्त उदगार जिला कांग्रेस प्रवक्ता एकलव्य यहाके ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किए।

भाजपा सांसद ने आदिवासियों से पैर धुलवाने की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया

एकलव्य यहाके ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि भाजपा के सांसद ने आदिवासियों से पैर धुलाकर आदिवासी समाज का अपमान व तिरस्कार किया है। जल, जंगल व जमीन के असल बाशिंदों से पैर धुलाना हमारी सभ्यता व संस्कृति का हिस्सा नहीं है। चुनाव के समय अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं व जनता को देवतुल्य बताने वाले सांसद को पैर धुलाई कराते समय अपने देवतुल्य कार्यकर्ता नजर नहीं आए, क्योंकि अब वे सत्ता के अहंकार में चूर है, इसीलिये उन्होंने बेझिझक आदिवासियों से जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जम्बाकिराडी में आदिवासी समाज के लोग से पैर धुलवा लिए।

उन्हें जनता अब सेवक नजर आ रही है जो उनके पैर धोए। उन्होंने सांसद को सलाह देते हुए कहा कि फांसी चढ़ जाने की आवश्यकता नहीं है, केवल आदिवासी समाज के साथ ही समाज के हर वर्ग से माफी मांगने से भी भाजपा सांसद को शुद्धि व पाप से मुक्ति मिल सकती है। जो कृत्य उन्होंने किया है इसके लिए उन्हें सौ बार जनता से माफी मांगनी चाहिए।

यहाके ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को इस ओर गम्भीरता पूर्वक ध्यान देना चाहिए कि सांसद बंटी साहू आदिवासी भाइयों से पैर धुलवाते हैं, यह भाजपा के कैसे संस्कार है जहां ना चाल है ना चरित्र है केवल झूठ, फरेब और लूट है। देवतुल्य जनता व कार्यकर्ता से पैर धुलवाना हमारी संस्कृति नहीं है। उन्होंने विकास के मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि भाजपा सांसद और सम्पूर्ण भाजपा पार्टी ने सिर्फ और सिर्फ जिले का विकास ठप किया है। विगत 20 वर्ष में प्रदेश की भाजपा सरकार और 15 वर्ष की केन्द्र सरकार ने विकास के नाम पर छिन्दवाड़ा को कुछ नहीं दिया। भाजपा सांसद के पास भी विकास के नाम पर बताने के लिए कुछ नहीं है।

यहाके ने कहा कि छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र का चंहुमुखी विकास सिर्फ और सिर्फ कमलनाथ एवं नकुलनाथ के द्वारा किया गया है। भाजपा के सांसद जिस सड़क मार्ग से गुजरते हैं वह सड़क भी कमलनाथ के द्वारा ही बनवाई गई है। भाजपा सांसद के पास विकास के नाम पर बताने के लिए कुछ भी नहीं है। जनता पूछ रही है कि भाजपा विकास करेगी या फिर केवल झूठे आश्वास व घोषणाएं देगी।

सांसद ने कहा, जनता के भरोसे पर खरा उतरूंगा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। छिन्दवाड़ा ज़िले के विकास और कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए मैं कोई भी कीमत चुकाने के लिए तैयार हूं। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने कही है। उन्होंने कहा कि जनता ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उसी भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूं। जब से सांसद निर्वाचित हुआ हूं तब से लेकर अब तक एक दिन भी घर पर चैन से नहीं बैठा। गरीबों, मजदूरों, दीन-दुखियों, आदिवासियों, किसानों को आर्थिक रूप से मज़बूत करना ही मेरा ध्येय है।

छिंदवाड़ा से ताल खमरा तक पैदल चलकर पहुंचने के बाद वहां हमारी संस्कृति और आस्था के प्रतीक आदिवासी धर्म गुरुओं का सम्मान किया। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि कांग्रेस ने झूठ की पराकाष्ठा पार कर दी है। पदयात्रा के दौरान मेरे छोटे भाई और भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष यादव ने धोए थे। हमारी संस्कृति है कि जब कोई हमारा बड़ा कोई शुभ काम करता है तो हम उसके पांव धोते हैं, मेरे लाख मना करने के बावजूद मेरे स्नेह के पात्र छोटे भाई ने बड़े स्नेहिल भाव से पांव धोए। अपने से बड़ों का सम्मान और छोटो से अपनापन यही हमारी संस्कृति है। लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं एवं हमारे प्रयासों से हो रहे विकास और जिस तरह हर वर्ग भाजपा से जुड़ रहा है, उससे कांग्रेस बौखला गई है और इसी बौखलाहट में झूठ, प्रपंच और षड्यंत्र कर आमजन को बरगलाने के लिए झूठे आरोपों की साजिश रच रही है। बंटी विवेक साहू ने कहा कि कांग्रेस पहले अपने नेता कमलनाथ और नकुलनाथ से पिछले 45 वर्षो का हिसाब पूछे फिर मुझसे 1 वर्ष का हिसाब पूछे। बंटी विवेक साहू ने कहा कि महज एक वर्ष के अल्प काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उन्होंने छिंदवाड़ा-पांढुरना के विकास की एक नई इबारत लिखी है।

सांसद ने बताया कि छिंदवाड़ा और पांढुरना का समुचित विकास और यहां रहने वाले हर युवा साथी को बेहतर रोज़गार उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास कर रहा हूं। शहर के साथ-साथ हर पंचायत, हर गांव, हर टोले मजरे तक पहुंचकर वहां रहने वालों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही मेरा मकसद है। मैंने हर गांव में पदयात्रा के ज़रिए जाने का प्रण लिया है। ताकि सही वस्तु स्थिति का पता लगाकर ग्रामीणों, किसानों और आदिवासी भाइयों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ सकूं।

मेरा गांव मेरा सांसद अभियान के तहत पदयात्रा के पहले चरण में पिछले चार दिनों में 100 किलोमीटर से अधिक की पदयात्रा करके 40 से अधिक मुख्य गांवों के साथ-साथ टोले मजरे में रहने वालो से संपर्क और संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और उनके निराकरण का प्रयास किया। पदयात्रा के दौरान रात्रि विश्राम भी रास्ते में पड़ने वाले ग्रामों में ही किया। न सिर्फ विकास बल्कि आम जन के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए 100 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया, जिसमें छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले के कुल 80 हजार से ज्यादा मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया गया। 2,969 मरीजों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये, शिविरों के दौरान गंभीर बीमारी से पीड़ित सैंकड़ों मरीजों का इलाज महानगरों में स्थित उच्च स्तरीय अस्पतालों में इलाज करवाया। छिंदवाड़ा और पांढुरना जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दृष्टि से 68 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति दिलाई, जिसमें प्रति उप-स्वास्थ्य केन्द्र के लिए 65-65 लाख की स्वीकृति दिलाकर कार्य प्रारम्भ करायें गये।

छिन्दवाडा मेडीकल कालेज में हिस्टो पैथोलाजी लैब की सौगात एवं सिम्स के लिये 100 करोड़ का आवंटन दिलाया, जिससे की सिम्स का कार्य तेजी से चल रहा है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयासों में जिले के कोयलांचल क्षेत्र में मोहन ओपन खदान और भारत ओपन कास्ट खदानों को खोलने की स्वीकृति मिली है। सड़क परिवहन की दिशा में कार्य करते हुए सावनेर से नरसिंगपुर तक एवं सिवनी से मुल्ताई तथा एवं नेशनल हाईवे के शहर के आसपास बायपास नेशनल हाईवे का दुरूस्तीकरण को स्वीकृति दिलाई। वहीं जिले की अन्य सड़कों के लिए ढाई सौ करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत कराई।

अमरवाड़ा क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता को पूरा किया, जिसके तहत 46 नए छोटे बांध के लिए 5 अरब 96 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई।सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि छिन्दवाड़ा और पाण्डुर्णा जिले में रेल्वें के विस्तार और सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास किये जा रहें है।

विकास कार्य स्वीकृत कराने मुख्यमंत्री से मिले अमरवाड़ा विधायक

अमरवाड़ा, देशबन्धु। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अमरवाड़ा में विकासकार्यो की स्वीकृति कराने हेतु अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह मुख्यमंत्री से मिलकर बिन्दुवार जानकारी देते हुए राशि स्वीकृत कराने की मांग की।

बताया गया है कि विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण एवम् विकास योजनाओं की स्वीकृति हेतु अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश शाह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ विकास कार्यों की स्वीकृति सहित विभिन्न विषयों पर विधायक कमलेश शाह ने लंबी चर्चा की और अमरवाड़ा आने का न्यौता दिया जिसे मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकार कर शीघ्र अमरवाड़ा आने सहमति प्रदान की गई ।

मुख्यमंत्री निवास भोपाल में विधायक ने अमरवाड़ा विधानसभा में स्कूल भवन निर्माण, सिंचाई हेतु जलाशय निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण सहित नगरीय क्षेत्र में विभिन्न विकास

कार्य स्वीकृत करने माँग पत्र मुख्यमंत्री को सौपा एवं अमरवाड़ा विधानसभा में प्रदेश में सर्वाधिक उपस्वाथ्य केंद्र स्वीकृत करने पर विधायक द्वारा मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरवाड़ा विधानसभा के विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु उपस्थित अधिकारियो को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री से मुलाक़ात के बाद विधायक राजा कमलेश शाह ने कहा शीघ्र ही क्षेत्रवासियों को बड़ी विकास योजनाओं की सौगात मिलेगी और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में डॉ. मोहन यादव विकास कार्यो की घोषणा की बौछार लगायेंगे। बता दें कि कमलेश शाह पहले कांग्रेस के विधायक थे अब वे भाजपा के विधायक है।

विधायक ने स्वीकृत करवाए दो नए ट्रांसफार्मर

सद्दाम बोस सिंगोड़ी

सिंगोड़ी, देशबन्धु। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोडी में इन दिनों नई आबादी क्षेत्र के ग्रामीण उपभोक्ता बिजली वोल्टेज समस्या की परेशानी से काफी परेशान है। लगभग चार माह से नई आबादी क्षेत्र के लोग अपने घर में बिजली वोल्टेज समस्या को लेकर काफी परेशान थे।

भीषण गर्मी की तपन में रात रात भर सो नहीं पा रहे है, कूलर, पंखे नहीं चल रहे है जिसके कारण बच्चे, बुजुर्ग सब बीमार हो रहे है। स्थानीय लोगों ने जब बिजली विभाग के अधिकारियो को इस समस्या को लेकर सिंगोड़ी विद्युत मंडल को ज्ञापन भी सौंपा किंतु उसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों ने लोगो के हितार्थ हेतु कोई उचित कदम नहीं उठाया और लोग लगातार परेशान होते हुए नजर आते रहे।

इसके चलते लोगों का गुस्सा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों पर भी फूटते हुए देखा गया किंतु जैसे ही सोशल मीडिया सहित अनेक अखबारो ने आमजन की समस्याओं का मामला दमखम से उठाया तो उक्त भीषण समस्या से निजात दिलाने हेतु उक्त मामले को तत्काल विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा ने संज्ञान में लेते हुए बड़ी समस्या होने के कारण तुरंत ही अमरवाड़ा विधायक राजा कुंवर कमलेश प्रताप शाह से फोन पर बात कर बिजली वोल्टेज समस्या का कारण बताया और तुरंत ही समस्या के समाधान हेतू अमरवाड़ा सहायक अभियंता से बात की और समस्या का तत्काल निराकरण कर दो नवीन ट्रांसफार्मर लगाने की भी स्वीकृति प्रदान की

इस भीषण गर्मी में लोगो के घरों में पंखे कूलर नहीं चलने से लोग बेहताशा गर्मी से बहुत परेशान होते हुए देखे जा रहे है।

इस भीषण समस्या को देखते हुए दो नए ट्रांसफार्मर सिंगोड़ी में वोल्टेज समस्या के समाधान हेतु लगाने के लिए इन्होंने स्वीकृति प्रदान की जिससे ग्राम सिंगोड़ी में हो रही वोल्टेज की समस्या का समाधान हो सकेगा और लोगों को सही तरीके से बिजली मिल सकेगी।

सिंगोड़ी ग्राम की वोल्टेज की समस्या के निदान के लिए विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने ग्राम में दो नए ट्रांसफार्मर स्थापना की स्वीकृति दिलाई है जिसका काम शीघ्र प्रारंभ होगा। साथ ही दूरभाष पर विद्युत विभाग के सहायक यंत्री श्री प्रजापति को तत्काल सिंगोड़ी पहुंच कर व्यवस्था सुधारे जाने के निर्देश दिए हैं। जिसकी जानकारी लोगो को लगने पर आम नागरिकों और बिजली उपभोक्ताओं ने अमरवाड़ा विधानसभा विधायक का आभार व्यक्त कर धन्यवाद प्रेषित किया है और जल्द समस्या के समाधान होने की राह देख रहे है।

विदित हो कि इसी प्रकार की समस्याऐं अन्य क्षेत्रों में भी है जिस पर भी विद्युत विभाग से समस्या का निराकरण करने की अपेक्षा है।

सार-समाचार

उपभोक्ता फोरम ने केयर हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी को दिया छह प्रतिशत ब्याज सहित चार लाख देने का आदेश

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रणय नामदेव एडव्होकेट छिन्दवाडा के द्वारा बैंक के माध्यम से केयर हेल्थ इश्योरेंस कंपनी से केश लेस इलाज हेतु 4,00,000/- रूपये एवं 1,00,000/- रूपये इस प्रकार दो बीमा कुल 5,00,000/-रूपये का 2020-21 में कराया गया था इसके पूर्व भी लगभग 3 सालो से लगातार प्रणय नामदेव के द्वारा प्रत्येक वर्ष हेल्थ बीमा कराया जाता रहा है। 11 नवम्बर 2021 को अचानक न्यायालय मे कार्य करते हुए सांस लेने में तकलीफहोने के कारण छिन्दवाडा मे डॉ0 मनीष गठौरिया के अस्तपताल मे जाँच हेतु पहुचाया गया अत्याधिक सांस लेने में तकलीफ होने के कारण गभीरता को देखते हुए अधिवक्ता प्रणय नामदेव को नागपुर श्री कृष्णा अस्तपताल जहा श्री कृष्णा अस्तपताल मे केयर हेल्थ इश्योरेंस कंपनी को केश लेस इलाज हेतु अनुमति चाही गई किन्तु बीमा कंपनी के द्वारा केश लेस इलाज करने की अनुमति प्रदान नहीं की गई, प्रकरण की गभीरता को देखते हुए प्रणय नामदेव का इलाज श्री कृष्णा अस्तपताल मे हुआ तथा अस्तपताल के द्वारा बताया गया कि सासो में स्टोक आने के कारण हृदय का बाल्व डेमेज हो गया है जिसका अविलंब इलाज कराया जाना आवश्यक है, जिसके पश्चात् प्रणय नामदेव, उषा मुल्लापुडी केयर अस्तपताल हैदराबाद में 06 दिसम्बर 2021 को भर्ती हुए तथा हृदय की बायपास सर्जरी एवं हृदय का बाल्व का बदलवाया गया। उषा मुल्लापुडी केयर अस्तपताल हैदराबाद के द्वारा भी केयर हेल्थ इश्योरेंस कंपनी को केशलेस इलाज हेतु अनुमति चाही गई किन्तु केयर हेल्थ इश्योरेंस कंपनी के द्वारा अधिवक्ता प्रणय नामदेव को पुरानी बीमारी बताते हुए बीमा कंपनी के द्वारा केश लेस इलाज की अनुमति प्रदान नही की गई।

अधिवक्ता प्रणय नामदेव को केयर हेल्थ इश्योरेंस कंपनी के द्वारा सम्पूर्ण इलाज जिसमे 5,00,000/- रूपये से अधिक का व्यय हुआ था कुल बीमा राशि 5,00,000/- रूपये प्राप्त करने हेतु दावा प्रस्तुत किया गया था केयर हेल्थ इश्योरेंस कंपनी के द्वारा उक्त 5,00,000/- रूपये में से मात्र 65,000/- रूपये का भुगतान किया गया जिससे व्यथीत होकर अधिवक्ता प्रणय नामदेव के द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग छिन्दवाडा के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया जिसमे न्यायालय द्वारा केयर हेल्थ इश्योरेंस कंपनी को अधिवक्ता प्रणय नामदेव को 4,00,000/-रूपये आवेदन दिनांक से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज का भुगतान करने हेतु आदेशित किया गया।

मप्र भारतीय किसान संघ ने उड़द-मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी न होने पर सौंपा ज्ञापन

अमरवाड़ा, देशबन्धु। अमरवाड़ा ऋभारतीय किसान संघ अमरवाड़ा द्वारा डैच् पे मूंग उड़द मक्का एवं सभी फसलों को खरीदी करने बाबद ज्ञापन तहसीलदार अमरवाड़ा को सौंपा गया इस अवसर पर तहसील मंत्री राजेश साहू सह मंत्री निलेश जँघेला जिला सदस्य पूनाराम वर्मा जिला प्राकृतिक प्रमुख रामसुरेश वर्मा सदस्य बालमुकुंद वर्मा उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में खेलेंगे छिन्दवाड़ा के तीन खिलाड़ी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा देहरादून (उत्तराखंड) में दिनांक 12 से 15 जून तक आयोजित अधिकृत सब जूनियर कैडेट, जूनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप में छिंदवाड़ा के अर्जुन अश्विनी पटेल, शिविका धेनुसेवक, अद्विता त्रिपाठी मध्य प्रदेश कराटे टीम की तरफ़ से खेलते हुए अपने हुनर से छिंदवाड़ा एवं प्रदेश को गौरवान्वित करेंगे।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता के गोल्ड मेडल खिलाड़ी आगामी साउथ एशियन] एशियन और वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

छिंदवाड़ा डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के कोच सेंसेई रविंद्र कुमार जायसवाल को टीम कोच नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर, महासचिव महेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष हनुमान तिवारी सहित जिला संघ के सचिव ओंकार मोहबे, उपाध्यक्ष श्याम दुपारे, कविता थापा, मोनिका मालवी, प्रज्ञा सोनी सहित सभी पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने अच्छे प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी है।

देहात पुलिस ने तीन लाख से अधिक का फ्रॉड करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। देहात पुलिस ने 3 लाख से अधिक का फ्रॉड करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

देहात थाना प्रभारी ने जारी प्रेस नोअ में बताया है कि 02 जून 2025 को आवेदक अनमोल चरपे पिता गंगाधर चरपे उम्र 28 साल निवासी गुरैया रोड़ वार्ड नं. 40 थाना देहात छिंदवाड़ा ने एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट की गयी कि आरोपीगणो साधना इवनाती राजा खत्री के द्वारा आवेदक अनमोल चरपे को षडयंत्र पूर्वक जान से मारने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर तीन लाख रूपये केश एवं आन लाईन ट्रांजेक्शन कर रूपये वसूल करने तथा बलात्कार के केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर दस लाख रूपये की मांग लाख रुपये की मांग करने संबंधी आवेदन पत्र पेश किया।

आवेदन पत्र के अवलोकन से प्रथम दृष्टया आरोपीगण साधना इवनाती, राजा खत्री के विरुध्द अपराध क्रमांक 290/25 धारा 308(4), 308 (6), 61(2), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पाण्डे एव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता आई.पी.एस. के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात द्वारा त्वरित कार्यवाही कर टीम गठित की गई टीम द्वारा लगातार प्रयास कर प्रकरण के आरोपी साधना पिता केशव इवनाती उम्र 22 साल साकिन कोढ़िया थाना लावाघोघरी की गिरफ्तारी की गयी है तथा प्रकरण का अन्य आरोपी राजा पिता विजय खत्री उम्र 27 साल निवासी बजरंग नगर थाना देहात जिला छिन्दवाडा फरार है जिसकी तलाश जारी है।

छिन्दवाड़ा : बुधवार को नगर निरीक्षक देहात थाना जानकारी देत हुए।

उक्त आरोपीगणो द्वारा पूर्व में भी अन्य आवेदक दिलीप सातपुते पिता रामनाथ सातपुते उम्र 28 वर्ष निवासी सांईनगर नोनिया करबल छिन्दवाडा के साथ भी इसी तरह से ब्लैकमेल कर षडयंत्र पूर्वक बलात्कार के केस में फसाने की धमकी देकर डराकर उससे 74000/- हजार रुपये केश एवं आन लाईन ट्रांजेक्शन कर रुपये वसूल करने तथा दस लाख रुपये की मांग करने पर थाना देहात में प्रकरण क्रमांक 202/25 धारा 308(6), 61 (2) 351(3) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया था।

जिसके अंतर्गत उक्त दोनो आरोपियो साधना पिता केशव इवनाती उम्र 22 साल सा. कोढिया थाना लावाघोघरी जिला छिन्दवाडा, राजा पिता विजय खत्री उम्र 27 साल निवासी बजरंग नगर थाना देहात जिला छिन्दवाडा को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था जिन्हे न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया था।

विशेष भूमिका

निरीक्षक जी.एस. राजपूत थाना प्रभारी देहात, उ.नि. वर्षा सिंह, उ.नि. देवकरण डेहरिया, आरक्षक. सौरभ बघेल, उमेश महिला आरक्षक प्रमीला, रानू तथा थाना देहात की विशेष भूमिका रही।

अब नेताओं की भूमिका तय करेगा संगठन : संजय

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। छिंदवाड़ा लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा मध्य प्रदेश में शुरू किए गए संगठन सृजन अभियान का आगाज कल 11 जून को स्थानीय राजीव भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक संजय कपूर एवं सुरेंद्र चौधरी वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक सुनील जायसवाल तथा अभिनव डिमेलो की विशेष उपस्थिति में हुआ। सभी पर्यवेक्षकगणों ने कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया एवं उसके बाद प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक संजय कपूर ने संगठन सज्जन अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि अब कोई नेता संगठन नहीं चलाएगा, बल्कि संगठन ही नेता की भूमिका तय करेगा।

उन्होंने आगे कहा कि संगठन सृजन अभियान का मुख्य उद्देश्य बूथ लेवल के पदाधिकारी से लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष तक की भूमिका को मजबूती प्रदान करना है। कांग्रेस पार्टी ने यह तय किया है कि चुनाव के समय में होने वाला टिकट वितरण दिल्ली भोपाल से न होकर स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से हो और उसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष की अनुशंसा अति आवश्यक होगी। संजय कपूर ने आगे कहा कि अगले 4 दिन सभी पर्यवेक्षक छिंदवाड़ा जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र एवं ब्लॉकों का दौरा करेंगे तथा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मिलकर क्षेत्र की नब्ज टटोलने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावो में कांग्रेस में रहकर कांग्रेस को कमजोर करने वाले लोगों को भी चिन्हित किया जाएगा।

कांग्रेस पर्यवेक्षक ने आगे कहा कि संगठन राज अभियान पार्टी को निचले स्तर पर मजबूती प्रदान करने का अभियान है और यह अभियान चरणबाद तरीके से चलता रहेगा। इसके प्रथम चरण में पहली

रिपोर्ट आगामी 20 जून को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि पार्टी के लिए जो बेहतर काम करने वाला होगा और कार्यकर्ताओं से राय शुमारी में जिसका चयन होगा वहीं कांग्रेस का जिला अध्यक्ष होगा। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी युवाओं को और महिलाओं को पार्टी संगठन में विशेष स्थान देने वाली है। कांग्रेस पर्यवेक्षक संजय कपूर ने भारतीय जनता पार्टी सरकार को आधे हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने एजेंसियों का दुरुपयोग कर डरा धमकाकर, लालच देकर विपक्ष के नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कराया है, आज देश में हर वर्ग परेशान है, महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक असमानता जैसे मुद्दे हैं हर वर्ग परेशान हैं लेकिन डर के कारण मुखर नहीं हो पा रहा है। भाजपा देश के लोगों का ध्यान भड़काने के लिए नफरत की राजनीति करती है कांग्रेस देश को जोड़ने वाली पार्टी है और भाजपा देश को बांटने वाली पार्टी है। संजय कपूर ने आगे कहा संगठन साजन अभियान के माध्यम से कांग्रेस मजबूत लोगों का चयन करेगी और मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा करेगी उन्होंने देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए मीडिया एवं आम जनता से विपक्ष का सहयोग करने की भी अपील की।

प्रेस वार्ता में उनके साथ पर्यवेक्षक सुनील जायसवाल, सुरेंद्र चौधरी, अभिनव डीमेंलो, गंगा प्रसाद तिवारी, विश्वनाथ ओकटे, गुंजन शुक्ला, नितिन उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

एकल विद्यालय कथा स्थल में किया गया लस्सी का वितरण

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। संत श्री आशारामजी बापू द्वारा प्रेरित श्री योग वेदांत सेवा समिति ने एकल विद्यालय अभियान श्रीराम कथा संकीर्तन यात्रा में लस्सी वितरित की। जिले में संचालित 254 एकल विद्यालय समिति द्वारा इन दिनों स्थानीय गांधी गंज में श्री राम कथा का भव्य आयोजन चल रहा है जिसमें वनवासी व्यास कथाकार सुश्री संगीता किशोरी जी रांची द्धारा नगरवासियों को सनातन संस्कृति के महत्व से अवगत करवा रही हैं।

श्री राम कथा आयोजन समिति ने जिले के सांसद विवेक बंटी साहू, एकल विद्यालय अभियान के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया एवं अन्य प्रतिष्ठित सेवाभावी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ संरक्षक में श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई को भी शामिल किया है। एकल विद्यालय अभियान के जिले भर के आदिवासी/वनवासी क्षेत्रों में जब भी कोई भव्य आयोजन होता हैं वहाँ समिति की भागीदारी अवश्य होती हैं। समिति जिले भर की अन्य सेवा भावी संस्था के साथ मिलकर सेवा कार्य करती हैं। समिति के पदाधिकारियों ने वनवासी कथाकार का भव्य स्वागत कर श्रीफल, शॉल और गुलदस्ता भेंट किया।

समिति द्वारा जारी संकीर्तन यात्रा में सैकड़ों वनवासी और शहरवासियों को नि:शुल्क लस्सी मीठी छाछ वितरण की। सनद रहे कि एकल विद्यालय अभियान ने जिले भर के हजारों आदिवासी, वनवासियों के बच्चों को शिक्षा का उचित मंच प्रदान किया है जो बेहद सराहनीय है। इस दैवीय कार्य में समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई, खजरी गौशाला के संचालक जयराम भाई, वरिष्ठ साधक एवं राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष भगवानदीन साहू, सुभाष इंगले, बबलू माहोरे, नारायण ताम्रकार, भूपेश पहाड़े, रामराव लोखंडे, विमल शेरके, डॉ. मीरा पराड़कर, प्रीति सोंनारे, रुपाली इंगले, सुधा ताम्रकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।